Title: Need to develop Gorakhpur in U.P. as a tourist resort.

योगी आदित्यनाथ (गोरखपुर) : सभापति महोदय, भारतीय संस्कृति की एक महत्वपूर्ण विद्या योग के महान् आचार्य गुरू गोरखनाथ जी की तपस्थली गोरखपुर, उ.प्र. का एक प्रमुख धार्मिक, ऐतिहासिक तथा औद्योगिक नगर है। दक्षिणवर्ती नेपाल सीमा से सटे इस नगर की प्रसिद्धि, प्रसिद्ध गोरखपुर मंदिर, गीता प्रैस, भगवान बुद्ध की जन्मस्थली तथा निर्वाण स्थली, भगवान महावीर तथा संत कबीर की निर्वाण स्थली, अमर शहीद विस्मिल की शहीद स्थली प्रेम चन्द्र की कर्मस्थली के साथ-साथ देश की स्वतंत्रता के लिए तीन महत्वपूर्ण ऐतिहासिक स्थल चौरी चौरा, डोहरिया और विश्नपुर, गठुड्वा आदि ऐसे स्थल हैं जहां प्रतिवर्ष लाखों की संख्या में देशी विदेशी पर्यटक आते हैं। गोरखपुर को पर्यटन की दृटि से विकसित करने के लिए कुछ योजनाएं रामगढ़ ताल योजना, तारा मण्डल की स्थापना, प्रेक्षागृह की स्थापना, एयर पोर्ट की स्थापना, महानगर के बाजार तथा चार फाटक पर ओवर ब्रिज का निर्माण आदि विकास योजनाएं प्रस्तावित हुई किन्तु उनमें से कुछ योजनाएं ही प्रारंभ हो पाईं।

अतः मेरा भारत सरकार से अनुरोध है कि गोरखपुर के महत्व को ध्यान में रखते हुए उक्त लम्बित योजनाओं को अविलम्ब प्रारंभ किया जाए तथा गोरखपुर को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाए।